# बहुत दिनों में हुआ फैसला हुआ खत्म इंतज़ार लिरिक्स

बहुत दिनों में हुआ फैसला,
हुआ खत्म इंतज़ार,
बनेगा मन्दिर श्री राम का,
खुशी हुआ संसार,
विश्व से सुन्दर होगा,
राम का मंदिर होगा।bd।

तर्ज – स्वर्ग से सुन्दर सपनों से।

---

जब ये बनेगा मन्दिर,
कितनी खुशहाली छाए,
राम के दर्शन करने,
सब लोग अयोध्या जाएं,
राम के दर्शन कर लेने से,
हो जाए उद्धार,
विश्व से सुन्दर होगा,
राम का मंदिर होगा।bd।

---

दो सौ बारह खंभ बने,
चौबीस दरवाज़े होंगे,
गर्भ गृह के अन्दर,
राम लला विराजित होंगे,
परशुराम संबाद बने और,
बने राम दरबार,
विश्व से सुन्दर होगा,
राम का मंदिर होगा।bd।

---

प्राचीन कला से निर्मित,
ये मंदिर भव्य बनेगा,
जानें कितनी डिज़ाइन होंगी,
मन्दिर खूब सजेगा,
त्रेता युग की यादें होंगी,
होगी सुन्दरता बेशुमार,
विश्व से सुन्दर होगा,
राम का मंदिर होगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब मन्दिर बन जाए,
कितनी खुशहाली होगी,
खुशियों से झूमेंगे,
पी एम मोदी सी एम योगी,
नेम चंद जी दिवना वाले,
लिखते उचित विचार,
विश्व से सुंदर होगा,
राम का मंदिर होगा।bd।

---

बहुत दिनों में हुआ फैसला,
हुआ खत्म इंतज़ार,
बनेगा मन्दिर श्री राम का,
खुशी हुआ संसार,
विश्व से सुन्दर होगा,
राम का मंदिर होगा।bd।

लेखक एवम् प्रेषक – नेम चंद प्रजापति जी।
दिवना वाले मोबाइल 6397647998

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com